आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में एक हज़ार 140 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढाँचा और विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन तथा शिलान्यास करेंगे।
- पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में आदर्श युवा ग्राम सभा पहल का शुभारंभ करेगी। इस दौरान प्रशिक्षण मॉड्यूल और एमवाईजीएस पोर्टल का भी अनावरण किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार मादक द्रव्य निरोधक कार्य बल की 19वीं बैठक में कल मादक पदार्थों से संबंधित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई।
- पर्यटन विभाग की ओर से पंजीकृत, प्रमाणित कयाक गाइडों और प्रशिक्षकों के लिए पहली नवम्बर को कयाक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। वह आज केवड़िया के एकता नगर में एक हज़ार 140 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढाँचा और विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में राजपीपला में बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय, वामन वृक्ष वाटिका शामिल हैं। इसके अलावा श्री मोदी भारत के शाही राज्यों के संग्रहालय, खेल परिसर, शूलपाणेश्वर घाट के पास जेटी विकास और स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी पर ट्रैवलेटर्स सहित विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कल राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वह समारोह के दौरान एकता दिवस शपथ और एकता दिवस परेड में भी भाग लेंगे। इसका मुख्य आकर्षण बीएसएफ का मार्चिंग दस्ता होगा जिसमें रामपुर हाउंड्स और मुधोल हाउंड्स जैसे विशेष रूप से भारतीय नस्ल के कुत्ते शामिल होंगे। श्री मोदी आरंभ 7.0 के समापन पर 100वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों से भी बातचीत करेंगे।

इस बीच, कल द्वीपों में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर पर, नेताजी स्टेडियम से सुबह 6 बजे से 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल इस देश के लिए एक विरासत, विचार और संस्था हैं। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने कल नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान–2025 में यह बातें कहीं। डॉ. मांडविया ने कहा कि जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सरदार पटेल के अधूरे कार्यों को पूरा कर रहे हैं। भारत के प्रथम सूचना एवं प्रसारण मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के सम्मान में, आकाशवाणी वार्षिक सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का आयोजन करता है। इस व्याख्यान की रिकॉर्डिंग कल सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर रात 9:30 बजे प्रसारित की जाएगी।

<><><><><><><>

सरकार आज नई दिल्ली में आदर्श युवा ग्राम सभा पहल का शुभारंभ करेगी। इस कार्यक्रम के दौरान, आदर्श युवा ग्राम सभा पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल और एमवाईजीएस पोर्टल का भी अनावरण किया जाएगा। पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी को मज़बूत करना और छात्रों को ग्राम सभा सत्रों में शामिल करके सहभागी स्थानीय शासन को बढ़ावा देना है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि इस पहल की शुरुआत देश भर के एक हज़ार से ज़्यादा स्कूलों में की जाएगी।

<><><><><><><>

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ है। रोज़मर्रा की वस्तुओं में नई जीएसटी दरों से आम लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार मादक द्रव्य निरोधक कार्य बल की 19वीं बैठक कल पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई ए की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, परिवहन, वन, मत्स्य पालन, समाज कल्याण, बंदरगाह, सीआईएसएफ और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सहित अन्य सभी प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, द्वीपसमूह में मादक पदार्थों के खतरे से संबंधित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। हितधारकों ने नशीली दवाओं की समस्या से निपटने के लिए कई सुझाव दिए। पुलिस महानिरीक्षक ने द्वीप समूह में नशा मुक्त वातावरण बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र

से नशीली दवाओं के उन्मूलन के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने आने वाले माल की जाँच के लिए एक प्रभावी तंत्र विकसित करने और पुनर्वास सुविधाओं में सुधार पर भी जोर दिया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग भारतीय खेल प्राधिकरण और अंडमान वाटर स्पोर्ट्स एडवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, पंजीकृत, प्रमाणित कयाक गाइडों और प्रशिक्षकों के लिए पहली नवम्बर को कयाक प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विषय "पैडल टू पैराडाइज़: एक्सप्लोर, एंगेज, कंजर्व" है। इस पहल का उद्देश्य द्वीप समूह के लाइसेंस प्राप्त कयाक टूर ऑपरेटरों, गाइडों, प्रशिक्षकों के बीच कौशल विकास, टीम वर्क और सुरक्षा जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। पर्यटन विभाग विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान करेगा। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से बाधा कोर्स दौड़ के साथ शुरू होगी। प्रतियोगिता मे नॉर्थ बे, श्री विजयपुरम, स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और अन्य द्वीपों के सभी पंजीकृत कयाक संचालकों और प्रशिक्षित कर्मियों से भाग लेने को कहा गया है। इसके अलावा इस दिन नॉर्थ बे में कयाकिंग गतिविधियाँ पर्यटकों, आगंतुकों और आम जनता के लिए 400 रूपये प्रति व्यक्ति रहेगा। इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण निःशुल्क है। फॉर्म बौद्धिक संपदा एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के साहसिक जल क्रीड़ा प्रकोष्ठ, पंजीकरण अनुभाग के प्रभारी से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत, खेल विभाग की ओर से पहली नवंबर को सुबह 5.30 बजे नेताजी स्टेडियम से "पुरुषों और महिलाओं के लिए ओपन साइकिल रैली" आयोजित किया जाएगा। रैली नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस नेताजी स्टेडियम पहुंच कर सम्पन्न होगी। इच्छुक विद्यार्थियों संस्थाओं, संगठनों और आम जनता से सुबह 5 बजकर 20 मिनट तक निर्धारित स्थल पर पहुंचने को कहा गया है।

<><><><><><><>